p>

Title: Demand to include Chhattisgarhi language in the Eighth Schedule of the Constitution.

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव): माननीय अध्यक्ष महोदय, यदि आपकी अनुमति हो तो मैं अपने विषय को चेंज करना चाहता हूं ।

महोदय, छत्तीसगढ़ी भाषा बिल्कुल सहोदर है, सरल है, सहज है, बहुत मधुर है और हिन्दी का ही एक अंग है । इसे आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए निवेदन है । अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ बनाया । आज छत्तीसगढ़ की आयु 19 वर्ष हो रही है । सम्माननीय प्रधान मंत्री जी उसे जुबान देंगे ।

निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल,

बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल ।

चाहे बैरिस्टर छेदी लाल हों, मिनी माता की धरती हो, पण्डित सुन्दर लाल शर्मा हों, यह सबकी इच्छा थी कि छत्तीसगढ़ को अपनी जुबान और अपनी भाषा मिले । वहां के 83 प्रतिशत लोग छत्तीसगढ़ी बोली बोलते हैं । इसलिए इसके बारे में आपसे निवेदन है ।